Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding increasing the wages of the MNREGA labourers and limiting the working days upto 200

श्रीमती वीणा देवी (**वैशाली**): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से शून्यकाल में अति लोक महत्व का विषय उठाते हुए कहना चाहती हूं कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी आज भी बिहार में मात्र 210 रुपये है और साल में मात्र 100 दिन काम की समय सीमा है । इस समय देश में बढ़ती हुई मंहगाई के कारण ग्रामीण बेरोजगार मजदूरों का शहर की ओर पलायन होने से खेती के लिए मजदूरों का मिलना मुश्किल हो गया है ।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार में मांग करती हूं कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर प्रतिदिन 400 सौ रुपये की जाये और साल में 200 दिन काम की समय सीमा तय की जाये । इससे ग्रामीण मजदूरों का शहर की ओर पलायन रुकेगा और खेती के लिए किसानों को मजदूरों की समस्या भी नहीं होगी ।

महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए हृदय से धन्यवाद ।